Government of **Western Australia**
**North Metropolitan Health Service**

BreastScreen WA
WA's only accredited screening service

# मैमोग्राफ़ी स्क्रीनिंग (एक्स-रे स्क्रीनिंग द्वारा स्तनों की जाँच) के बारे में जानकारी

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए क्लिनिक में आपका स्वागत है |

कृपया अपने मैमोग्राम से **पहले** मैमोग्राफ़ी स्क्रीनिंग के बारे में इस महत्त्वपूर्ण जानकारी और कंसेंट (सहमति) फ़ॉर्म को पढ़ें | यदि आप कोई प्रश्न पूछना चाहें तो स्क्रीनिंग यूनिट स्टाफ़ आपकी सहायता कर सकती हैं | कृपया नोट करें कि आप इस जाँच को करवाने से कभी भी मना कर सकती हैं |

- जिन महिलाओं को संदेह है कि संभवत: वे गर्भवती हैं, उनके लिए मैमोग्राम करवाने की सलाह नहीं दी जाती | यदि ऐसा संभव है कि आप गर्भवती हैं तो कृपया रिसेप्शनिस्ट या रेडियोग्राफ़र को बता दें |
- जो महिलाएँ बच्चे को स्तनपान करवा रही हैं, उन्हें यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी मैमोग्राम स्क्रीनिंग को स्तनपान करवाना बंद करने के 3 माह बाद तक के लिए स्थगित कर दें | ऐसा इसलिए है कि स्तनपान करवाने वाली महिलाओं के स्तन का ऊतक बहुत गहन होता है जिसके कारण संभव है कि इस समय के दौरान मैमोग्राम ठीक से न हो पाए |

**ब्रेस्टस्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में**

ब्रेस्टस्क्रीनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य ब्रैस्ट कैंसर (स्तन के कैंसर) से होने वाली मौतों को घटाना है | स्तन के वे कैंसर जो इतने छोटे हैं कि छू कर महसूस नहीं नहीं किए जा सकते, वर्तमान समय में उनका पता लगाने का सबसे कारगर तरीका मैमोग्राम (स्तनों का एक्स-रे) है | जितनी जल्दी स्तन के कैंसर का पता चल जाता है, उतनी अधिक उसकी चिकित्सा के सफल होने की संभावना होती है |

ब्रेस्टस्क्रीनिंग डब्ल्यू ए प्रोग्राम का ज़ोर स्तन के कैंसर का जल्दी पता लगाने पर है | वर्तमान चिकित्सीय शोध के अनुसार इस बात का सबूत है कि 50-74 वर्ष की महिलाओं में स्क्रीनिंग सर्वाधिक लाभदायक है | स्तन कैंसर के होने की संभावना आपकी आयु के साथ-साथ बढ़ती जाती है | लगभग 70% स्तन के कैंसर 50 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिलाओं में होते हैं | नियमित रूप से स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवाने से इन महिलाओं में मृत्यु की दर को लगभग 30% कम किया जा सकता है | 50 वर्ष से कम आयु की महिलाओं में मैमोग्राफ़ी स्क्रीनिंग के लाभ कम हैं |

**मैमोग्राम कैसे लिया जाता है**

आपको अपनी ब्रा (अंगिया/चोली) उतार कर उसके ऊपर पहनने के कपड़े पहन लेने को कहा जाएगा, और यदि आप चाहें तो हम आपको एक डिस्पोजेबल (एक ही बार इस्तेमाल करने का) गाउन भी दे सकते हैं | एक विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला रेडियोग्राफ़र या मैमोग्राफ़ी तकनीशियन आपका मैमोग्राम लेगी | मैमोग्राम लेते समय आपके स्तन पर कुछ क्षणों के लिए दबाव डाला जाता है ताकि उसकी स्पष्ट फ़ोटो ली जा सके | इससे आपको थोड़ी परेशानी महसूस हो सकती है | आम तौर पर हर स्तन की दो फ़ोटो ली जाती हैं लेकिन कई बार अधिक फ़ोटो लेने की आवश्यकता हो सकती है |

**मैमोग्राम का विश्लेषण कौन करता है?**

आपके मैमोग्राम का परिणाम (रिपोर्ट) मैमोग्राम का विश्लेषण करने वाले कम से कम दो अत्यधिक अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों (रेडियोलॉजिस्ट) की आपसी सहमति पर आधारित होगा | हर रेडियोलॉजिस्ट हर मैमोग्राम का निष्पक्षता से विश्लेषण करता है। कभी-कभी यदि पहले दो रेडियोलॉजिस्ट आपके परिणाम के बारे में सहमत नहीं होते तो आपका मैमोग्राम एक तीसरे रेडियोलॉजिस्ट द्वारा जाँचा जाएगा |

**यदि मुझे दोबारा एक्स-रे करवाना पड़ा तो क्या होगा?**

बहुत कम ऐसा होता है कि फ़ोटो के स्पष्ट न होने के कारण रेडियोलॉजिस्ट दोबारा एक्स-रे करवाने के लिए कहता है | यदि आपका दोबारा एक्स-रे करने की आवश्यकता हुई तो आपसे फ़ोन या पत्र द्वारा संपर्क करके दोबारा आने का आग्रह किया जाएगा | ऐसे दोबारा एक्स-रे स्क्रीनिंग क्लिनिक में किए जाते हैं |

**परिणाम (रिपोर्ट) का जारी करना**

आपके स्क्रीनिंग मैमोग्राम का परिणाम (रिपोर्ट) (दो से तीन सप्ताह में) एस एम एस (SMS) द्वारा, या, यदि आप चाहें तो डाक द्वारा भेजा जाएगा | आपकी अनुमति से, आपका परिणाम आपके डॉक्टर को भी भेजा जाएगा | मैमोग्राम में देखे गए अन्य परिवर्तनों को जो स्तन के कैंसर से संबंधित नहीं हैं, रिपोर्ट में शामिल नहीं किया जाता और महिलाओं को उन परिवर्तनों की जानकारी नहीं दी जाती जो स्तन के कैंसर से संबंधित नहीं हैं |

महिलाओं का और अधिक परीक्षणों के लिए वापस बुलाया जाना आम बात है | यदि इसकी आवश्यकता हुई तो ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपसे इस बारे में चर्चा करने के लिए आपको फ़ोन करेगा | इन परीक्षणों में से अधिकांश के बाद कोई ऐसी समस्या देखने में नहीं आती जिसके लिए और जाँच करवाने की आवश्यकता पड़े |

जिन महिलाओं की स्क्रीनिंग महानगरों में होती है, उन्हें ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए के असेसमेंट सेंटर में आने के लिए समय दिया जाएगा, जहाँ पर मैमोग्राम के और फ़ोटो या आवश्यकतानुसार अन्य टेस्ट किए जाएँगे | जिन महिलाओं की स्क्रीनिंग दूर-दराज़ के क्षेत्रों में मोबाइल यूनिट द्वारा की गई थी, उनकी सुविधानुसार और मैमोग्राम के और फ़ोटो मोबाइल वैन में, बनबरी असेसमेंट सेंटर या मैंजुरा क्लिनिक में लिए जा सकते हैं |

**कृपया नोट करें**: ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए मैमोग्राम संभाल कर रखता है ताकि भविष्य में लिए गए फ़ोटो से उनकी तुलना की जा सके |

**मैमोग्राम कितना भरोसेमंद है?**

मैमोग्राम 70-90% स्तन के कैंसरों का पता लगा सकता है | कुछ ऐसे कैंसर हैं जो मैमोग्राम से नहीं देखे जा सकते | कम आयु की महिलाओं और जो महिलाऐं हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी ले रही हैं उनके स्तनों के ऊतक बड़ी आयु की महिलाओं के ऊतकों से अधिक गहन होते हैं जिसके कारण मैमोग्राम से कैंसर का पता लगाना कठिन हो सकता है | मैमोग्राम से कैंसर की संभावना को नकार न पाने के कारण कम आयु की महिलाओं को और अधिक जाँच की आवश्यकता हो सकती है जिसमें बायोप्सी शामिल है | मैमोग्राम करवाने से स्तन का कैंसर रोका तो नहीं जा सकता परंतु उसका जल्दी पता लगने से चिकित्सा के सफल होने की संभावना बढ़ जाती है |

**क्या मैमोग्राम से कोई नुक़सान भी हो सकता है?**

कभी-कभी मैमोग्राम लेने के समय स्तन के दबाए जाने के कारण कुछ समय के लिए स्तन में हल्का दर्द या चोट लगने जैसा महसूस हो सकता है | इससे स्तन के ऊतकों को कोई दीर्घकालिक हानि नहीं होती | हर मैमोग्राम में बहुत कम विकिरण का इस्तेमाल किया जाता है | अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस विकिरण से हानि होने का ख़तरा बहुत ही कम है | स्क्रीनिंग मैमोग्राफ़ी से होने वाले लाभ इस हानि से कहीं अधिक हैं |

**यदि मेरे स्तन में इस समय कोई गाँठ (लंप) या कोई अन्य समस्या है तो?**

यदि आपने अपने स्तन में कोई गाँठ, उसके निपल से कोई स्राव (तरल पदार्थ निकलना) या स्तन में कोई अन्य बदलाव देखा है तो मैमोग्राम करवाने से पहले कृपया अपनी रेडियोग्राफ़र या मैमोग्राफ़ी तकनीशियन को इसकी जानकारी दें | यह भी महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने डॉक्टर से इन लक्षणों के बारे में चर्चा करें, चाहे आपका मैमोग्राम सामान्य हो तो भी |

**मुझे आपको अपने जी पी की जानकारी क्यों देनी होगी?**

आपकी सर्वोत्तम देखभाल हो सके, इसके लिए आपके जी पी को आपके स्वास्थ्य की देख-भाल संबंधी सारी जानकारी चाहिए | हम उन्हें आपके मैमोग्राम का परिणाम भेजना चाहेंगे | यह महत्त्वपूर्ण है कि मैमोग्राम करवाने के बाद, अगले मैमोग्राम के लिए आने तक के अंतराल में आप अपने स्तनों की नियमित जाँच करती रहें और यदि उनमें कोई परिवर्तन हो तो अपने डॉक्टर को तुरंत उसकी जानकारी दें | हम यह सलाह देंगे की आप नियमित रूप से अपने डॉक्टर द्वारा अपने स्तनों की जाँच करवाएँ |

**कद और वज़न की जानकारी**

मैमोग्राफ़ी करते समय ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपके कद और वज़न की जानकारी लेता है | भविष्य में स्तन के कैंसर की स्क्रीनिंग को अधिक प्रभावशाली बनाने में इस जानकारी से लाभ हो सकता है | ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपसे अनुरोध करता है कि अपने कद और वज़न की जानकारी आज दे दें | यदि आवश्यकता हो तो वज़न करने और कद मापने का पैमाना आपके इस्तेमाल के लिए उपलब्ध है | इसमें भाग लेना पूरी तरह से ऐच्छिक है | आपके इसमें भाग न लेने से आपकी देख-रेख में किसी तरह की कोई कमी नहीं आएगी | यदि इसके बारे में आप कुछ प्रश्न पूछना चाहें तो ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए से 9323 6703 पर संपर्क करें और यदि आप कोई टीका-टिप्पणी करना चाहें तो रिसेप्शन से कहें कि वे आपको फ़ीडबैक ब्रोशर दे दें |

अधिक जानकारी के लिए www.breastscreen.health.wa.gov.au पर जाएँ